# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 20.7.25 | 5 | 1-4 |

**मीटिंग** • हकृवि और वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच हुई बैठक

# दोनों विवि से दोहरी डिग्री ले सकेंगे विद्यार्थी

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मंडल की स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न महत्वाकांक्षी विषयों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। प्रतिनिधि मंडल में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया की तरफ से डॉ. सिंधु श्योराण सीनियर रिसर्च प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर हॉक्सबरी इंस्टीट्यूट फॉर दा एनवायरनमेंट व नम्रता रीजनल डायरेक्टर साउथ एशिया वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल वेस्ट विंग-नई दिल्ली ने भाग लिया। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. नवीन कौशिक, डॉ. मंजुनाथ व डॉ. सरोज यादव भी उपस्थित रहे।



हकृवि में बैठक को संबोधित करते डॉ. रमेश कुमार

स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से नए विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने शैक्षणिक कार्यक्रमों को गति देने के लिए किए जा रहे कार्यों की विद्यार्थियों एवं फैकल्टी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया विद्यार्थी दोनों विश्वविद्यालयों से दोहरी डिग्री कार्यक्रम के तहत बीएससी कृषि व एमएससी कृषि की डिग्री हासिल कर सकेंगे। गौरतलब है कि हकृवि पहले से ही अनुसंधान और शैक्षणिक क्षेत्रों में डब्ल्यूएसयू के साथ सक्रिय सहयोग कर रहा है।

दोहरी एमएससी और पीएचडी डिग्री पहले से ही प्रगति पर है। विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने सभी का स्वागत करते हुए एमओयू के बैकग्राउंड के बारे में बताया। उन्होंने भारत से ऑस्ट्रेलिया जाने वाले छात्रों के समक्ष आने वाली समस्याओं जैसे वीजा, रहन-सहन खर्च, शिक्षा खर्च, उपलब्ध आय के साधनों के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों की सभी शंकाओं का समाधान करते हुए पढ़ाई पूरी करने के पश्चात उपलब्ध जॉब सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। गौरतलब है कि डॉ. सिंधु श्योराण हकृवि की ही पूर्व छात्रा हैं। उन्होंने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी से ड्यूल डिग्री के तहत पीएचडी की पढ़ाई की है और इस समय हॉक्सबरी इंस्टीट्यूट फॉर दा एनवायरमेंट में सीनियर रिसर्च प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत हैं। कृषि महाविद्यालय कौल व बावल सहित विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों से विद्यार्थी व फैकल्टी ने भी भाग लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 20.7.25 | 4 | 1-3 |

# विद्यार्थियों को बताईं दोहरी डिग्री की विशेषताएं

## एचएयू व वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच विभिन्न विषयों पर बैठक

माई सिटी रिपोर्टर

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) और ऑस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल के बीच ड्यूल डिग्री कार्यक्रम व शैक्षणिक विषयों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने की।



एचएयू में बैठक को संबोधित करते डब्ल्यूएसयू के प्रतिनिधि। स्रोत : संस्थान

वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी की ओर से प्रतिनिधिमंडल में डॉ. सिंधु श्योराण (सीनियर रिसर्च प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, हॉक्सबरी इंस्टीट्यूट फॉर द एनवायरमेंट) और नम्रता (रीजनल डायरेक्टर, साउथ एशिया, वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल, नई दिल्ली) ने भाग लिया। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यार्थियों को ड्यूल डिग्री कार्यक्रमों, विशेष रूप से बीएससी कृषि और एमएससी कृषि के लिए उपलब्ध विकल्पों की जानकारी दी।

बैठक में डॉ. आशा क्वात्रा (प्रभारी, अंतरराष्ट्रीय मामलों), डॉ. नवीन कौशिक, डॉ. मंजुनाथ और डॉ. सरोज यादव सहित अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे। डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अध्ययन और शोध के अवसर मिलेंगे, जिससे उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के अनुरूप तैयार किया जा सकेगा।

डॉ. आशा क्वात्रा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए एमओयू की पृष्ठभूमि और उद्देश्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत से ऑस्ट्रेलिया जाने वाले विद्यार्थियों को वीजा, शिक्षा व जीवन-यापन लागत, आय के स्रोत और पढ़ाई पूरी करने के बाद नौकरी की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 20.7.25 | 4 | 3-5 |


# हकृवि व वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच विभिन्न विषयों को लेकर बैठक आयोजित



*बैठक को संबोधित करते डॉ. रमेश कुमार।*

हिसार, 19 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मंडल की स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न महत्वाकांक्षी विषयों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। प्रतिनिधि मंडल में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया की तरफ से डॉ सिंधु श्योराण (सीनियर रिसर्च प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर हॉक्सबरी इंस्टीट्यूट फॉर दा एनवायरनमेंट) व नम्रता (रीजनल डायरेक्टर साउथ एशिया वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल वेस्ट विंग- नई दिल्ली) ने भाग लिया। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. नवीन कौशिक, डॉ. मंजुनाथ व डॉ. सरोज यादव भी उपस्थित रहे।

स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से नए विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने शैक्षणिक कार्यक्रमों को गति देने के लिए किए जा रहे कार्यों की विद्यार्थियों एवं फैकल्टी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी दोनों विश्वविद्यालयों से दोहरी डिग्री कार्यक्रम के तहत बी.एस.सी. कृषि व एम.एस.सी. कृषि की डिग्री हासिल कर सकेंगे। इससे विश्वस्तरीय शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्रदान करने के लिए दोनों विश्वविद्यालयों की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। गौरतलब है कि हकृवि पहले से ही अनुसंधान और शैक्षणिक क्षेत्रों में डब्ल्यूएसयू के साथ सक्रिय सहयोग कर रहा है। दोहरी एम.एस.सी. और पी.एच.डी. डिग्री पहले से ही प्रगति पर है। विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ आशा क्वात्रा ने सभी का स्वागत करते हुए एमओयू के बैकग्राउंड के बारे मे बताया। गौरतलब है कि डॉ सिंधु श्योराण चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ही पूर्व छात्रा हैं। उन्होंने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी से डयूल डिग्री के तहत पी.एच.डी. की पढ़ाई की है तथा इस समय हॉक्सबरी इंस्टीट्यूट फॉर दा एनवायरमेंट में सीनियर रिसर्च प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत हैं। बैठक में कृषि महाविद्यालय कौल व बावल सहित विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों से विद्यार्थी व फैकल्टी ने भी भाग लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 20.7.25 | 5 | 6-7 |


# समझौते से विद्यार्थी कर सकेंगे ख्याति प्राप्त विवि में अध्ययन

**हरियाणा कृषि विश्वविद्यालयों व वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच विभिन्न विषयों को लेकर बैठक आयोजित**

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं आस्ट्रेलिया की वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधिमंडल की स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डा. रमेश कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न महत्वाकांक्षी विषयों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। प्रतिनिधिमंडल में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी आस्ट्रेलिया की तरफ से डा. सिंधु श्योराण (सीनियर रिसर्च प्रोग्राम कोआर्डिनेटर हाक्सबरी इंस्टीट्यूट फार दा एनवायरनमेंट) व नम्रता (रीजनल डायरेक्टर साउथ एशिया वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल वेस्ट विंग- नई दिल्ली) ने भाग लिया। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डा. आशा क्वात्रा, डा. नवीन कौशिक, डा. मंजुनाथ व डा. सरोज यादव भी उपस्थित रहे।

स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डा. रमेश कुमार ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से नए विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने शैक्षणिक कार्यक्रमों को गति देने के लिए किए जा रहे कार्यों की विद्यार्थियों एवं फैकल्टी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी दोनों विवि से दोहरी डिग्री कार्यक्रम के तहत बीएससी कृषि व एमएससी कृषि की डिग्री हासिल कर सकेंगे। इससे विश्वस्तरीय शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्रदान करने के लिए दोनों विश्वविद्यालयों की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। गौरतलब है कि हकृवि पहले से ही अनुसंधान और शैक्षणिक क्षेत्रों में डब्ल्यूएसयू के साथ सक्रिय सहयोग कर रहा है। दोहरी एमएससी और पीएचडी डिग्री पहले से ही प्रगति पर है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 20.7.25 | 5 | 1-2 |

## हकृवि व वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच विभिन्न विषयों को लेकर बैठक आयोजित



बैठक को सम्बोधित करते डॉ. रमेश कुमार।

हिसार, 19 जुलाई (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मंडल की स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न महत्वाकांक्षी विषयों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। प्रतिनिधि मंडल में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया की तरफ से डॉ. सिंधु श्योराण (सीनियर रिसर्च प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर हॉक्सबरी इंस्टीट्यूट फॉर दा एनवायरनमेंट) व नम्रता (रीजनल डायरेक्टर साउथ एशिया वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल वेस्ट विंग- नई दिल्ली) ने भाग लिया। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. नवीन कौशिक, डॉ. मंजुनाथ व डॉ. सरोज यादव भी उपस्थित रहे। स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से नए विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने शैक्षणिक कार्यक्रमों को गति देने के लिए किए जा रहे कार्यों की विद्यार्थियों एवं फैकल्टी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी दोनों विश्वविद्यालयों से दोहरी डिग्री कार्यक्रम के तहत बीएससी कृषि व एमएससी कृषि की डिग्री हासिल कर सकेंगे। इससे विश्वस्तरीय शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्रदान करने के लिए दोनों विश्वविद्यालयों की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। विश्वविद्यालय के अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने सभी का स्वागत करते हुए एमओयू के बैकग्राउंड के बारे में बताया। उन्होंने भारत से ऑस्ट्रेलिया जाने वाले छात्रों के समक्ष आने वाली समस्याओं जैसे वीजा, रहन-सहन खर्च, शिक्षा खर्च, उपलब्ध आय के साधनों के बारे में बताया। बैठक में कृषि महाविद्यालय कौल व बावल सहित विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों से विद्यार्थी व फैकल्टी ने भी भाग लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 19.07.2025 | -- | -- |

# हकृवि व वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच विभिन्न विषयों को लेकर बैठक आयोजित

नभ-छोर न्यूज ▶▶ 19 जुलाई



हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मंडल की स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न महत्वाकांक्षी विषयों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। प्रतिनिधि मंडल में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया की तरफ से डॉ. सिंधु श्योराण (सीनियर रिसर्च प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर हॉक्सबरी इंस्टीट्यूट फॉर दा एनवायरनमेंट) व नम्रता (रीजनल डायरेक्टर साउथ एशिया वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल वेस्ट विंग- नई दिल्ली) ने भाग लिया। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. नवीन कौशिक, डॉ. मंजुनाथ व डॉ. सरोज यादव भी उपस्थित रहे। स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से नए विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने शैक्षणिक कार्यक्रमों को गति देने के लिए किए जा रहे कार्यों की विद्यार्थियों एवं फैकल्टी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी दोनों विश्वविद्यालयों से दोहरी डिग्री कार्यक्रम के तहत बीएससी कृषि व एमएससी कृषि की डिग्री हासिल कर सकेंगे। इससे विश्वस्तरीय शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्रदान करने के लिए दोनों विश्वविद्यालयों की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। गौरतलब है कि हकृवि पहले से ही अनुसंधान और शैक्षणिक क्षेत्रों में डब्ल्यूएसयू के साथ सक्रिय सहयोग कर रहा है। दोहरी एमएससी और पीएचडी डिग्री पहले से ही प्रगति पर है। विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा ने सभी का स्वागत करते हुए एमओयू के बैकग्राउंड के बारे में बताया। उन्होंने भारत से ऑस्ट्रेलिया जाने वाले विद्यार्थियों के समक्ष आने वाली समस्याओं जैसे वीजा, रहन-सहन खर्च, शिक्षा खर्च, उपलब्ध आय के साधनों के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों की सभी शंकाओं का समाधान करते हुए पढ़ाई पूरी करने के पश्चात उपलब्ध जॉब सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। गौरतलब है कि डॉ सिंधु श्योराण चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ही पूर्व छात्रा हैं। उन्होंने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी से ड्यूल डिग्री के तहत पीएचडी की पढ़ाई की है तथा इस समय हॉक्सबरी इंस्टीट्यूट फॉर दा एनवायरमेंट में सीनियर रिसर्च प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत हैं। बैठक में कृषि महाविद्यालय कौल व बावल सहित विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों से विद्यार्थी व फैकल्टी ने भी भाग लिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठकपक्ष | 20.07.2025 | -- | -- |


# हकृवि व वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच विभिन्न विषयों को लेकर बैठक आयोजित



-पाठकपक्ष न्यूज-

**हिसार, 20 जुलाई :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय एवं आस्ट्रेलिया की वैस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि मंडल की स्नातकोत्तर शिक्षा अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार की अध्यक्षता में विभिन्न महत्वाकांक्षी विषयों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। प्रतिनिधि मंडल में वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया की तरफ से डॉ सिंधु ज्योराण (सीनियर रिसर्च प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर हॉक्सबरी इंस्टीट्यूट फॉर दा एनवायरनमेंट) व नम्रता (रीजनल डायरेक्टर साउथ एशिया वेस्टर्न सिडनी इंटरनेशनल वेस्ट विंग- नई दिल्ली) ने भाग लिया। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ. आशा क्वात्रा, डॉ. नवीन कौशिक, डॉ. मंजुनाथ व डॉ. सरोज यादव भी उपस्थित रहे।

स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार ने बताया कि इस समझौता ज्ञापन के माध्यम से नए विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त विश्वविद्यालय में अध्ययन करने के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। उन्होंने शैक्षणिक कार्यक्रमों को गति देने के लिए किए जा रहे कार्यों की विद्यार्थियों एवं फैकल्टी को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी दोनों विश्वविद्यालयों से दोहरी डिग्री कार्यक्रम के तहत बीएससी कृषि व एमएससी कृषि की डिग्री हासिल कर सकेंगे। इससे विश्वस्तरीय शिक्षा और अनुसंधान के अवसर प्रदान करने के लिए दोनों विश्वविद्यालयों की प्रतिबद्धता को बल मिलेगा। गौरतलब है कि हकृवि पहले से ही अनुसंधान और शैक्षणिक क्षेत्रों में डब्ल्यूएसयू के साथ सक्रिय सहयोग कर रहा है। दोहरी एमएससी और पीएचडी डिग्री पहले से ही प्रगति पर है। विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय मामलों की प्रभारी डॉ आशा क्वात्रा ने सभी का स्वागत करते हुए एमओयू के बैकग्राउंड के बारे में बताया। उन्होंने भारत से ऑस्ट्रेलिया जाने वाले छात्रों के समक्ष आने वाली समस्याओं जैसे वीजा, रहन-सहन खर्च, शिक्षा खर्च, उपलब्ध आय के साधनों के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों की सभी शंकाओं का समाधान करते हुए पढ़ाई पूरी करने के पश्चात उपलब्ध जॉब सुविधाओं के बारे में भी जानकारी दी। गौरतलब है कि डॉ सिंधु ज्योराण चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय की ही पूर्व छात्रा है। उन्होंने वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी से डयूल डिग्री के तहत पीएचडी की पढ़ाई की है तथा इस समय हॉक्सबरी इंस्टीट्यूट फॉर दा एनवायरमेंट में सीनियर रिसर्च प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर के पद पर कार्यरत है। बैठक में कृषि महाविद्यालय कौल व बावल सहित विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों से विद्यार्थी व फैकल्टी ने भी भाग लिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 20.7.25 | 5 | 5-5 |

# बीएससी एग्री. चार वर्षीय कोर्स की प्रवेश परीक्षा में कविश टॉपर

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए हैं। बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय, बीएससी कम्युनिटी साइंस, बीएफएससी व एमएससी बेसिक साइंस पाठ्यक्रमों के परिणाम जारी किए गए हैं।

कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में कविश ने 95 अंक, खुशी ने 90 अंक व जगरीत शर्मा ने 89 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इसी प्रकार बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय पाठ्यक्रम में तन्मय ने 95 अंक, जियो ने 92 अंक व तुषार ने 91 अंक हासिल कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएससी कम्युनिटी साइंस में प्रिया व ममता ने 88 अंक, रोहित ने 87 अंक व आशी ने 86 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया।


टॉपर कविश।

कुलपति ने बताया कि बीएफएससी में रवि प्रकाश ने 78.5 अंक, ज्योति ने 72 अंक और नीतिका ने 70 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल किया।

एमएससी बेसिक साइंस में मेधावी ने 80 अंक, पार्थ कथूरिया ने 79 अंक जबकि किरण ने 76 अंक प्राप्त करके क्रमश : पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी परिणाम 20 जुलाई को सुबह 10 बजे के बाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि.भूमि | 20.7.25 | 11 | 7-8 |

# बीएससी एग्रीकल्चर में 95 अंक लेकर कविश प्रथम

■ हकृवि ने घोषित किए कई प्रवेश परीक्षाओं के परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर, बीएससी कम्युनिटी साइंस, बीएफएससी व एमएससी बेसिक साइंस पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में कविश ने 95 अंक, खुशी ने 90 अंक व जगरीत शर्मा ने 89 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय पाठ्यक्रम में तन्मय ने 95 अंक, जियो ने 92 अंक व तुषार ने 91 अंक हासिल कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएससी कम्युनिटी साइंस में प्रिया व ममता ने 88 अंक, रोहित ने 87 अंक व आशी ने 86 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएफएससी में रवि प्रकाश ने 78.5 अंक, ज्योति ने 72 अंक तथा नीतिका ने 70 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। एमएससी बेसिक साइंस में मेधावी ने 80 अंक, पार्थ ने 79 अंक जबकि किरण ने 76 अंक प्राप्त करके पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 20.7.25 | 4 | 8 |

## बीएससी एग्रीकल्चर में कविश ने 95 और खुशी ने पाए 90 अंक

हिसार | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय, बीएससी कम्युनिटी साइंस, बीएफएससी व एमएससी बेसिक साइंस पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में कविश ने 95 अंक, खुशी ने 90 अंक व जगरीत शर्मा ने 89 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 20.7.25 | 5 | 8 |

## एग्रीकल्चर सहित अन्य कोर्सों में दाखिले के लिए रिजल्ट घोषित

जासं • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय, बीएससी कम्युनिटी साइंस, बीएफएससी व एमएससी बेसिक साइंस पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में बास बादशाहपुर के कविश ने 95 अंक के साथ प्रथम रहा। कृष्णा नगर की खुशी ने 90 अंक व कुरुक्षेत्र के दीदार नगर के जगरीत शर्मा ने 89 अंक हासिल कर क्रमश : दूसरा व तीसरा स्थान हासिल किया। बीएससी एग्रीकल्चर छह वर्षीय पाठ्यक्रम में आदमपुर के असरावा की तन्मय ने 95 अंक, खांडा खेड़ी की जियो ने 92 अंक व बालसमंद के तुषार ने 91 अंक हासिल कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएससी कम्युनिटी साइंस में फतेहाबाद की प्रिया व बरवाला के सोथा गांव की ममता ने 88 अंक, भिवानी का रोहित ने 87 अंक व रेवाड़ी की आशी ने 86 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 20.7.25 | 2 | 3-5 |

## हकृवि ने घोषित किए बी.एस.सी. एग्रीकल्चर कोर्सों के प्रवेश परीक्षा के परिणाम

बी.एस.सी. एगीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा में कविश ने 95 अंक

हिसार, 19 जुलाई (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बी.एस.सी. एग्रीकल्चर चारवर्षीय, बी.एस.सी. एग्रीकल्चर छ: वर्षीय, बी.एस.सी. कम्युनिटी साइंस, बी.एफ.एस.सी. व एम.एस.सी. बेसिक सांइस पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि बी.एस.सी. एगीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा में कविश ने 95 अंक, खुशी ने 90 अंक व जगरीत शर्मा ने 89 अंक हासिल कर क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बी.एस.सी. एग्रीकल्चर छ: वर्षीय पाठ्यक्रम प्रवेश परीक्षा में तन्मय ने 95 अंक, जियो ने 92 अंक व तुषार ने 91 अंक हासिल कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बी.एस.सी. कम्युनिटी साइंस में प्रिया व ममता ने 88 अंक, रोहित ने 87 अंक व आशी ने 86 अंक प्राप्त कर क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुलपति ने बताया कि बी.एफ.एस.सी. में रवि प्रकाश ने 78.5 अंक, ज्योति ने 72 अंक तथा नीतिका ने 70 अंक हासिल कर क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार एम.एस.सी. बेसिक सांइस में मेधावी ने 80 अंक, पार्थ कथूरिया ने 79 अंक जबकि किरण ने 76 अंक प्राप्त करके पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि अभ्यार्थी उपरोक्त परीक्षाओं के परिणाम 20 जुलाई को सुबह 10 बजे के बाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 19.07.2025 | -- | -- |

# चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने घोषित किए विभिन्न प्रवेश परीक्षा के परिणाम



**बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, छः वर्षीय, बीएससी कम्युनिटी साइंस, बीएफएससी व एमएससी बेसिक साइंस पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा के परिणाम अभ्यार्थी उपरोक्त परीक्षाओं के परिणाम 20 जुलाई को सुबह 10 बजे के बाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं।**

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय, बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय, बीएससी कम्युनिटी साइंस, बीएफएससी व एमएससी बेसिक साइंस पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की गई प्रवेश परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए है।

यह जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि बीएससी एग्रीकल्चर चार वर्षीय पाठ्यक्रम में कविश ने 95 अंक, खुशी ने 90 अंक व जगरीत शर्मा ने 89 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार बीएससी एग्रीकल्चर छः वर्षीय पाठ्यक्रम में तन्मय ने 95 अंक, जियो ने 92 अंक व तुषार ने 91 अंक हासिल कर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बीएससी कम्युनिटी साइंस में प्रिया व ममता ने 88 अंक, रोहित ने 87 अंक व आशी ने 86 अंक प्राप्त कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। कुलपति ने बताया कि बीएफएससी में रवि प्रकाश ने 78.5 अंक, ज्योति ने 72 अंक तथा नीतिका ने 70 अंक हासिल कर क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार एमएससी बेसिक साइंस में मेधावी ने 80 अंक, पार्थ कथूरिया ने 79 अंक जबकि किरण ने 76 अंक प्राप्त करके पहला, दूसरा व तीसरा स्थान प्राप्त किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक डॉ. पवन कुमार ने बताया कि अभ्यार्थी उपरोक्त परीक्षाओं के परिणाम 20 जुलाई को सुबह 10 बजे के बाद विश्वविद्यालय की वेबसाइट admissions.hau.ac.in व hau.ac.in पर देख सकते हैं।